आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 18.06.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री ने कहा-भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका। किसानों को दी सम्मान निधि की 17 वीं क़िस्त।
- विश्व सिकल सेल दिवस कल, डिंडोरी में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी होंगे शामिल ।
- स्कूल चलें हम अभियान के साथ शुरू हुआ प्रदेश में नया शिक्षा सत्र।

और

- भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हुई तेज बारिश ।

---------

प्रधानमंत्री वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। हमें वैश्विक रूप से सोचना होगा और ग्लोबल मार्केट को ध्यान में रखना होगा.

प्रधानमंत्री ने आज वाराणसी में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी

बार वापसी करे लेकिन इस बार भारत की जनता ने ये भी करके दिखाया है।

किसान सम्मान निधि अब तक 11 करोड से अधिक पात्र किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख चार हजार करोड रूपये से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि सखी के रूप में स्व-सहायता समूहों की तीस हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किये ।

सिकल सेल दिवस-राष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ विश्व सिकल सेल दिवस कल सुबह 11 बजे शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे। सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिये 15 नवम्बर 2021 जनजातीय गौरव दिवस को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन' का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हज़ार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गयी।

द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर 'सिकल सेल उन्मूलन मिशन'- 2047 का शुभांरभ शहडोल ज़िले से किया गया। ‘राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन' में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों के 89 विकासखण्डों में लगभग 1 करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है।

ताइवान -इंदौर समझौता

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर ने ताइवान के छह अलग-अलग विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव

ने समत्व भवन भोपाल से इस कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि सेमी-कंडक्टर और चिप-डिजाइन क्षेत्र के सिरमौर ताइवान के साथ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए किए जा रहे एमओयू से मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। राज्य सरकार की हरसंभव कोशिश होगी कि ताइवान के साथ प्रदेश के संबंध प्रगाढ़ हों और शासन स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन में कोई कठिनाई नहीं आए।

## शारीरिक माप अभियान प्रारंभ

प्रदेश में जून माह में आज से 28 जून तक 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान चलाया जाएगा । उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये प्रत्येक माह के 10 कार्य दिवस में बच्चों के शारीरिक माप दिवसों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पोषण ट्रेकर एप में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों का वजन एवं लंबाई/ऊँचाई की सटीकता के साथ माप लिया जाकर एप में प्रविष्टि की जाती है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का निर्धारण किया जाता है। आयुक्त, महिला-बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिये बाल विकास परियोजना अधिकारियों को मौके पर रहकर सत्यापन कराने के निर्देश दिये हैं।

## सीमाओं का निर्धारण

इंदौर संभाग के जिलों, अनुभाग एवं तहसीलों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इसके लिए इंदौर संभाग का चयन पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया गया है। संभाग के जिलों, अनुभाग एवं तहसीलों की सीमाओं के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव तैयार करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिलों में प्रारंभिक स्तर पर प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर प्रस्ताव

को अंतिम रूप दिया जाएगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं इंदौर संभाग के प्रभारी मलय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई संभागीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गई।

स्कूल चले हम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में सर्वसुविधायुक्त 369 सीएम राइज स्कूलों का संचालन आरंभ कर दिया है। इन स्कूलों में विश्व स्तरीय बिल्डिंग, स्मार्ट क्लास, डिजिटल टीचिंग, नि:शुल्क वाहन सुविधा, एक्सपोजर विजिट के साथ-साथ अन्य आधुनिक संसाधनों की सुविधा विद्यार्थियों को प्राप्त होगी। अन्य विद्यालयों में भी किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जनजातीय कार्यमंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगियों परीक्षाओं की तैयार के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ की गई सुपर-100 योजना का विस्तार सभी संभागों तक किया जाना आवश्यक है।

मौसम

प्रदेश में मानसून पूर्व की बारिश हो रही है। प्रदेश के कई जिलों में आज  गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई।  भोपाल के कई इलाकों में दोपहर में तेज बारिश हुई। अशोकनगर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 15 मिनट तक बारिश का दौर चला। गुना में भी तेज बारिश हुई। टीकमगढ़ में आंधी चली। विदिशा में करीब एक घंटे तक चली

बारिश से सड़कों ने नाले का रूप ले लिया। निचली बस्तियों में पानी भर गया।

प्री-मानसून एक्टिविटी के चलते जबलपुर समेत 6 जिलों में रेड अलर्ट है। यहां बारिश के साथ 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इसकी वजह से कई जगहों पर आंधी-बारिश होने का अनुमान है। अनूपपुर जिले में बीते 24 घंटे में 8.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

टी-20 विश्व कप सुपर आठ

आई सी सी के टी-टवेंटी क्रिकेट विश्व कप में सुपर-8 के मुकाबले कल से खेले जाएंगे और 25 जून तक चलेंगे। भारत का इस चरण में पहला मुकाबला अफगानिस्तान से  20 जून को होगा। सभी मैच वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। सुपर-8 की टीमें कल तय हो गई है। नेपाल पर विजय हासिल कर बांग्लादेश इस दौर के लिए चुनी जाने वाली अंतिम टीम बन गई।
पहले ग्रुप में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश हैं, जबकि दूसरे ग्रुप में अमरीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका हैं।

समाचार संक्षेप में....

1. अमरवाड़ा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू और युवा भाजपा आदिवासी नेत्री मोनिका बट्टी के साथ नामांकन दाखिल किया।
2. खण्डवा जिला जेल परिसर में आज वायरल हेपिटाइटिस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

3. सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में 20 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

4. आगरमालवा जिले के चारों विकासखंडो बड़ौद, नलखेड़ा, सुसनेर व आगरमालवा में 22 से 24 जून तक पुस्तक मेला लगाया जाएगा।

5. टीकमगढ जिले में कल समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया जाएगा.

6. जबलपुर में आज विक्टोरिया हॉस्पिटल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब फुट से ग्रसित बच्चों की जांच एवं उपचार के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

7. नीमच जिले में डीपीसी सुश्री किरण आंजना और जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.शर्मा ने मिशन बैंचमार्क के तहत जिले की शासकीय शालाओं में जनसहयोग से उपलब्ध करवाए गये फर्नीचर का निरीक्षण किया। और

8. सीहोर विधानसभा के बीजेपी के पूर्व विधायक मदन लाल त्यागी का 75 वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया |

-----------------------------